भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1669

(दिनांक 29.07.2026 को उत्तर देने के लिए)

राष्ट्रीय एवीजीसी नीति

1669. श्रीमती भारती पारधीः

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणेः

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकरः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में राष्ट्रीय एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए वर्ष 2026 के दौरान शुरू किए गए ऑनलाइन पोर्टल का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त पोर्टल द्वारा सरकारी प्रोत्साहन और अनुमोदन चाहने वाली एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स परियोजनाओं के लिए एकल खिड़की निकासी तंत्र प्रदान किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने अपनी संबंधित राज्य एवीजीसी नीतियों को अधिसूचित कर दिया है तथा शेष राज्यों द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने की समय-सीमा क्या है;

(घ) यह पोर्टल सामग्री विकास के लिए क्रिएटिव इंडिया फंड के तहत वित्तपोषण चाहने वाले एवीजीसी स्टार्टअप्स के प्रत्यक्ष पंजीकरण को किस सीमा तक सुगम बनाता है; और

(ङ) एवीजीसी क्षेत्र में कौशल आदान-प्रदान, सह-उत्पादन समझौतों और बाजार पहुंच के लिए स्थापित अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरुगन)

(क) से (ङ): सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स तथा एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'वेव्स बाज़ार' तथा 'वेवएक्स' नामक दो डिजिटल प्लेटफार्म स्थापित किए हैं।

वेव्स बाज़ार मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के लिए वर्षभर संचालित होने वाले वैश्विक बाज़ार तथा सहभागिता प्लेटफार्म के रूप में कार्य करता है, जो फिल्म, एनिमेशन वीएफएक्स, गेमिंग, एक्सआर, इमर्सिव मीडिया, संगीत तथा डिजिटल सामग्री के क्षेत्रों में संरचित व्यावसायिक अवसरों की खोज, बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकों, बाज़ार तक पहुँच, निवेश सुविधा तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुगम बनाता है।

वेवएक्स मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित स्टार्टअप प्लेटफार्म के रूप में कार्य करता है, जो निवेशकों से संपर्क संबंधी पहलों तथा भागीदारों एवं इनक्यूबेटरों के एक नेटवर्क के माध्यम से वित्तपोषण तक पहुँच को सुगम बनाता है। हालांकि वेवएक्स प्रत्यक्ष वित्तपोषण प्रदान नहीं करता है, यह इनक्यूबेशन तथा पिचिंग नेटवर्किंग के माध्यम से स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करता है।

सरकार ने एवीजीसी-एक्सआर के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भारतीय सृजनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना की है। आईआईसीटी की महाराष्ट्र सरकार तथा उद्योग निकायों से सहभागिता है।

आईआईसीटी ने एवीजीसी-एक्सआर इकोसिस्टम को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों तथा शैक्षणिक संस्थानों के साथ अंतरराष्ट्रीय साझेदारियाँ स्थापित की हैं। ये साझेदारियां पाठ्यक्रम का सह-विकास, विशिष्ट कौशल विकास कार्यक्रम, उन्नत प्रौद्योगिकियों तक पहुँच, अनुसंधान एवं विकास, इंटर्नशिप, स्टार्टअप इनक्यूबेशन, छात्रवृत्तियाँ, उद्योग मार्गदर्शन तथा अंतरराष्ट्रीय कौशल आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

*****